उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

संतोष बडोनी / *Santosh Badoni*
सचिव / Secretary

अ०शा०प०सं०/ D.O.NO. 994
दिनांक / Date 29/11/20

कार्यालय ज्ञाप

विषयः– सहायक अध्यापक एल0टी0 के दिनांक 13.10.2020 को जारी विज्ञापन में ''विज्ञान'' विषय के कुछ अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने की सुविधा दिये जाने के सम्बन्ध में।

दिनांक 28.11.2020 को अभ्यर्थी श्री अतुल प्रताप सिंह तथा कु0 लक्ष्मी की ओर से अभ्यर्थी श्री अतुल प्रताप सिंह द्वारा आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अधोहस्तक्षरी को रिट याचिका सं0 1487/2020 (s/s) अतुल प्रताप सिंह व अन्य बनाम उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व अन्य में मा0 उच्चन्यायालय के आदेश दिनांक 25.11.2020 के साथ व अपने प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हुये।

मा0 उच्चन्यायालय के आदेश दिनांक 25.11.2020 तथा याचीकर्त्ता के प्रतिवेदन में यह अनुरोध किया गया है कि उन्हें ऑफलाइन आवेदनपत्र भरने की अनुमति दी जाए। इस पर याची को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया गया कि आयोग में ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था काफी पहले समाप्त हो चुकी है व वर्तमान में कोई ऑफलाइन आवेदन का प्रारूप उपलब्ध नहीं है जो प्रतिवेदक/याचीकर्त्ता को दिया जा सके। मा0 उच्चन्यायालय के आदेश की मंशा यही है कि याचीकर्त्ता आवेदन भर सके अतः उनके लिए ऑनलाइन करने की सुविधा आज ही शुरू करने की कार्यवाई की जा रही है।

अतः आयोग द्वारा याचीकर्त्ता सहित विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दिनांक 28.11.2020 से प्रारंभ कर दी गयी है जो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व रसायन शास्त्र के उपाधि धारक हैं, अर्थात जिनके पास प्रथम 2 वर्षों में ये तीनों विषय रहे हैं व अन्तिम वर्ष में इनमें से कोई 2 विषय रहे हैं।

अतः दिनांक 28.11.2020 से ऐसे सभी अभ्यर्थी सहायक अध्यापक एल0टी0 ग्रेड, विज्ञान विषय में आवेदन कर सकते हैं, अन्य विषयों में यह सुविधा लागू नहीं होगी, यह सुविधा ऐसे सभी अभ्यर्थियों के लिए मा0 उच्चन्यायालय द्वारा उपरोक्त रिट याचिका सं0 1487/2020 में होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी, अर्थात इस मामले में अन्यथा निर्णय होने पर ऐसे सभी अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन पर तद्नुसार आयोग द्वारा विचार किया जायेगा।

आज्ञा से, 29/11
(संतोष बडोनी)
सचिव

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाड़पुर, देहरादून, उत्तराखण्ड
State Election Commission Office Campus, Ring Road, Ladpur, Dehradun. Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, आई.वी.आर.नं.-7088205533 वैबसाईट: www.sssc.uk.gov.in

प्रतिलिपिः—1. परीक्षा नियंत्रक उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।

2. याचीकर्त्ता श्री अतुल प्रताप सिंह एवं कु0 लक्ष्मी, भगवंतपुर, पत्रालय जसपुर जिला उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, Email- rajendraindia1411@gmail.com को सूचनार्थ तथा इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आयोग को उसकी सूचना तत्काल देने का कष्ट करें।

3. कम्प्यूटर प्रोग्रामर श्री अशोक नेगी को इस आशय से कि इस आदेश को आयोग की वेबसाइट के संवाद कॉलम पर अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करने का कष्ट करें।

4. गार्डफाइल।

(संतोष बडोनी)
सचिव